झारखण्ड विधान सभा

ध्यानाकर्षण सूचना

पंचम् झारखण्ड विधान-सभा

द्वितीय (बजट) सत्र

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण- सूचनायें झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम- 147 के अन्तर्गत दिनांक- 17.03.2020 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी हैं :-

क्र0सं0	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
01.	02.	03.	04.
01-	श्री राज सिन्हा स0वि0स0	झारखण्ड टेट 2016 में 50,000 से अधिक अभ्यार्थी सफल घोषित किए गये थे। किन्तु 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस सफल अभ्यार्थियों की नियुक्ति नहीं हुई है, दूसरी और करीब 12000 शिक्षकों के पद रिक्त है। राज्य में शिक्षक के क्षेत्र में समुचित विकास के लिए तथा बेरोजगारों के नियोजन हेतु इन सफल अभ्यर्थियों को नियोजित करना आवश्यक है। अतः मैं सरकार का ध्यान सफल टेट उम्मीद्वारों को शिक्षक के रुप में नियोजित करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता
02-	श्री सुदिव्य कुमार स0वि0स0	मुख्यमंत्री गम्भीर बीमारी उपचार योजना में सभी प्रकार के कैंसर रोग, किडनी प्रत्यारोपण, गम्भीर लीवर रोग तथा एसिड अटैक से प्रभावितों को चिकित्सा सहायता अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। झारखण्ड राज्य में प्रदूषण एवं अन्य कई कारणों से हृदय रोग से ग्रसित लोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

01.	02.	03.	04.
		अतः मुख्यमंत्री गम्भीर बीमारी उपचार योजना में हृदय रोग को भी शामिल करने हेतु राज्य सरकार का ध्यानाकृष्ट कराना चाहता, हूँ।	
03	श्री मथुरा प्रसाद महतो स0वि0स0	धनबाद जिला-अन्तर्गत तोपचाँची प्रखंड के हीरापुर से शक्तिपुर भाया जियरगढ़ा तक सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिस कारण आवागमन में ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उक्त सड़क जर्जर रहने से दूर्घटना की संभावना बनी रहती है। अतः जनहित में उक्त सड़क के निर्माण यथाशीघ्र करने हेतु सदन के माध्यम से ध्यानाकृष्ट कराना चाहता हूँ।	ग्रामीण विकास
04-	श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी स0वि0स0	विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के विश्रामपुर नगर पर्षद विश्रामपुर अन्तर्गत ग्राम रेहला में वर्ष 1985 से बी0सी0सी0एल0 (वर्त्तमान नाम ग्रासिम इण्डि0लि0) कम्पनी कार्यरत है, जिससे अगल-बगल के 25-30 ग्रामों का भू-गर्भ-जल नमकीन हो गया है। ग्रामीणों के बीच विगत कई वर्षों से टैंकर के माध्यम से बाहर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस समस्या से निपटने हेतु सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 में 98 करोड़ की पेयजलापूर्ति योजना ली गई है, जिसका संवेदक Judco है। कम्पनी द्वारा कार्य अधूरा रखा गया है जिससे इस वर्ष भी भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। अतः सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए माँग करता हूँ कि जनहित में इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट से मुक्ति दिलाई जा सके।	नगर विकास एवं आवास

क्र0पृ030-

01.	02.	03.	04.
05	श्री लम्बोदर महतो स0वि0स0	झारखण्ड राज्य के बोकारो जिला के गोमिया प्रखण्ड के अन्तर्गत अत्यन्त सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित चतरोचट्टी, थाना क्षेत्र में शामिल 07 पंचायतों यथा-हुरलुंग, बड़की सिधावारा, चतरोचट्टी, बड़की चिदरी, करी, घुट्टे एवं लोधी को मिलाकर चतरोचट्टी प्रखण्ड महुआटांड़ थाना क्षेत्र में 11 पंचायतों यथा- महुआटांड, कण्डेर, चैया, पंचमों, तिलैया, कुन्दा, बारीडारी, बड़की पुन्नू, पंचमों, तिलैया, कुन्दा, टीकाहारा, ललपनिया एवं कोदवाटांड़ को मिलाकर महुआटांड़ प्रखण्ड तथा कसमार प्रखण्ड के 07 पंचायतों यथा- खैराचातर, सिंहपुर, करमा, हिसीम, गुरहुल सुदी बगदा, टांगटोला तथा दुर्गापुर को मिलाकर खैराचातर प्रखण्ड नहीं बनने से उपर्युक्त क्षेत्र के विकास में कठिनाई हो रही है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का सम्यक व सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। अतः मैं सरकार को उपर्युक्त तीनों नए प्रखण्ड यथा-चतरोचट्टी, महुआटांड़ एवं खैराचातर प्रखण्डों के सृजन की मांग करता हूँ।	ग्रामीण विकास

रॉंची,
दिनांक- 17 मार्च, 2020 ई0।

महेन्द्र प्रसाद
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

कृ0पृ030/-

ज्ञाप सं0-ध्या0 एवं अना0प्र0-01/2020-1133/वि0 स0, राँची, दिनांक- 16/03/2020

प्रतिः- झारखण्ड विधान सभा के मा0सदस्यगण/ मा0मुख्यमंत्री/ एवं अन्य मंत्रिगण/ मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची/ माननीया राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव/ महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय राँची/स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग/स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग/ग्रामीण विकास विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(एस शिराज वजीह बंटी)
उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0-ध्या0 एवं अना0प्र0-01/2020-1133/वि0 स0, राँची, दिनांक- 16/03/2020

प्रतिः- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः मा0 अध्यक्ष महोदय एवं सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

16/03/2020

सुभाष/-